<u>कार्यालय – प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.)</u>

// महत्वपूर्ण सूचना //

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.) द्वारा **आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारी(चौकीदार–04 पद, वॉटरमेन–05 पद एवं स्वीपर–05 पद)** के **कुल 14 पदों** पर सीधी भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों के अवलोकन उपरांत, साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु प्रथम दृष्टया पात्र पाये गये आवेदकगण की सूची **कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर के शासकीय वेबसाईट पर** अपलोड़ की गई थी तथा उक्त विभिन्न पदों पर आवेदकों का साक्षात्कार दिनांक 01.05.2024 से 05.05.2024 तक लिया जाना आयोजित था ।

वर्तमान में अपरिहार्य कारणों से आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारी(चौकीदार–04 पद, वॉटरमेन–05 पद एवं स्वीपर–05 पद) के पदों पर सीधी भर्ती हेतु साक्षात्कार के लिए नियत की गई तिथियाँ दिनांक 01.05.2024 से दिनांक 05.05.2024 को **निरस्त** किया जाता है । **साक्षात्कार हेतु निर्धारित की जाने वाली आगामी नवीन तिथियों की सूचना पृथक से जिला न्यायालय जशपुर के वेबसाईट के माध्यम से दी जाएगी ।**

आवेदकों का ध्यान विशेष रूप से इस ओर आकृष्ट किया जाता है कि वे साक्षात्कार आयोजन की नवीन तिथियों के संबंध में जानकारी हेतु समय–समय पर कार्यालय के शासकीय वेबसाईट का अवलोकन करते रहें, जिससे उन्हें साक्षात्कार की नियत की जाने वाली नवीन तिथियों की जानकारी हो सके ।

स्थान– जशपुर ।
दिनांक–29.04.2024

सही/–
(अध्यक्ष)
चयन समिति
कार्या. जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जशपुर(छ.ग.)